प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखण्ड एकेडमिक काउन्सिल ने तैयार किया स्कूली शिक्षा में बदलाव का प्रस्ताव–अब आठवीं, नौवीं और 11वीं की परीक्षा दो टर्म में, दोनों का अलग–अलग होगा पैटर्न।
2. राज्य के सभी दवा दुकानों में अब स्वास्थ्य मंत्रालय का टॉल फ्री नंबर और क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य, राज्य औषधि निदेशालय ने ड्रग इंस्पेक्टरों को निगरानी के दिए निर्देश।
3. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लगाया आरोप–राज्य में पैसों के अभाव में पूरी नहीं हो पा रहीं विकास योजनाएं, आर्थिक संकट से जूझ रही है राज्य सरकार।
4. रांची स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान को मिली 'एसोसिएशन ऑफ एमबीए, एम्बा' की मान्यता, वैश्विक स्तर के शीर्ष दो फीसदी शिक्षण संस्थानों में शामिल हुआ आईआईएम।
5. रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जारी है राज्यस्तरीय स्कूली खो–खो प्रतियोगिता, 24 जिलों के 1728 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग, कल होगा प्रतियोगिता का समापन।

*************************

झारखण्ड एकेडमिक काउन्सिल, जैक ने स्कूली परीक्षा में एक और बदलाव का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत आठवीं, नौवीं और 11वीं परीक्षा अब दो टर्म में होगी और दोनों टर्म का पैटर्न अलग–अलग होगा। इसके तहत एक परीक्षा जनवरी महीने में उत्तरपुस्तिका पर होगी और दूसरी फ़रवरी महीने में ओएमआर शीट पर ली जाएगी। दोनों परीक्षा के लिए 40–40 अंक निर्धारित किए जाएंगे और दोनों का परिणाम एक साथ अप्रैल माह में जारी कर दिया जाएगा। जैक ने यह प्रस्ताव शिक्षा विभाग को मंजूरी के लिए सौंप दिया है।

*************************

राज्य के सभी दवा दुकानदारों को अब दुकान के बाहर स्वास्थ्य मंत्रालय का टॉल फ्री नंबर और क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस सम्बन्ध में झारखण्ड समेत सभी राज्यों को आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद राज्य औषधि निदेशालय ने सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के तहत अगर किसी व्यक्ति को दवा खाने के बाद दिक्कत होती है तो वह टॉल फ्री नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकता है। इसके अलावा क्यूआर कोड के जरिए शिकायत भी दर्ज करवा सकता है।

*************************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया है कि राज्य में विकास योजनाएं पूरी नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास आर्थिक संकट है और सरकारी कर्मियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। मंत्री ने हजारीबाग में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकारी अधिकारी योजनाओं के पूरा होने में फंड की कमी का रोना रोते रहते हैं।

*************************

झारखण्ड हाईकोर्ट ने सभी जिलों के जिला विधिक सेवा प्राधिकार, डीएलएसए को जेलों का औचक निरीक्षण करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने रांची स्थित बिरसा मुंडा सेन्ट्रल जेल की खराब स्थिति पर संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि जेलों में प्रतिबंधित चीजें मुहैया कराई जा रही हैं, जिसे रोकने के लिए औचक निरीक्षण जरूरी है।

*************************

राज्य में पिछले साढ़े छह वर्षों में करीब छह सौ करोड़ रुपए की साइबर ठगी हो चुकी है, लेकिन अब तक इसमें से 105 करोड़ रुपए ही ठगी से रोके जा सके हैं। अपराध अनुसन्धान विभाग, सीआईडी के पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक ने बताया कि साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 को और मजबूत करते हुए इसकी क्षमता बढ़ाई जा रही है। साथ ही केसों की लगातार समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

*************************

बोकारो स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस, जैप–4 आज अपना 63वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जैप 4 के कमांडेंट शंभू कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह वाहिनी नक्सलियों के खिलाफ उस समय से लड़ती आ रही है, जिस समय केंद्रीय बल यहां नहीं थे।

************************

रांची स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान, आईआईएम को 'एसोसिएशन ऑफ एमबीए (एम्बा)' की मान्यता मिल गयी है। यह मान्यता प्रबंधन शिक्षण संस्थानों के अंतरराष्ट्रीय मान्यता 'ट्रिपल क्राउन' की ओर बढ़ता हुआ एक कदम है। इससे प्रबंधन शिक्षा और संस्थान के मामले में आईआईएम रांची वैश्विक स्तर के शीर्ष दो फीसदी शिक्षण संस्थानों में शामिल हो गया है।

************************

नरेन्द्र मोदी सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में वस्तु और सेवा कर घटाने के बाद 22 सितम्बर से शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के लोगों को फायदा हो रहा है। कपड़ा और जूता निर्माण क्षेत्र में जीएसटी की नई दरें लोगों की कैसे मदद कर रही हैं,

************************

जामताड़ा जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने की दिशा में जिला प्रशासन कई स्तर पर पहल कर रहा है।

************************

दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित बरदेही गांव में बीती रात एक ही परिवार के चार सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक दंपत्ति और उसके दो बच्चे शामिल हैं। महिला और बच्चों का शव घर के अंदर बरामद हुआ जबकि पुरुष की लाश खेत में मिली है। पुलिस हत्या और आत्महत्या, दोनों मामलों की जांच कर रही है।

************************

गढ़वा जिले के रंका थानाक्षेत्र स्थित मानपुर टेड़की आहर के पास आज सुबह एक गिट्टी लदा हाईवा पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मॉर्निंग वॉक कर रहे दो लोग इस हाइवा की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

************************

देवघर जिले से पुलिस ने आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने बताया कि एक विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बीती देर रात इन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से हथियार भी मिले हैं।

************************

रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राज्यस्तरीय स्कूली खो–खो प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी है। इस प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलों के बालक–बालिका वर्ग के 1728 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ये सभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता का समापन कल होगा। अबतक के मुकाबलों में लोहरदगा, गिरिडीह, बोकारो और रामगढ़ ने जीत हासिल कर ली है।

************************